हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 8 अप्रैल 2024



06 भाजपा कार्यालय पर फहराया पार्टी ध्वज ...





07 कचरे में आग: एक प्रदूषण खत्म कर दूसरा ...






**लोकसभा क्षेत्र**

शहडोल

1 **भाजपा प्रत्याशी** हिमाद्री सिंह

2 **कांग्रेस प्रत्याशी** फुंदेलाल मार्को

**पिछली बार कौन जीता**

हिमाद्री सिंह

**जीत का अंतर**

40 हजार 333

## क्या रहेंगे मुद्दे?

लोकसभा के इस चुनाव में मुद्दों के लिहाज से भाजपा का पलड़ा भारी है। अयोध्या में राम मंदिर, धारा 370 और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता उसके ट्रंप कार्ड हैं। भाजपा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं और कामों को भी गिना रही है। कांग्रेस में भगदड़ भी उसका एक मुद्दा है। इसके विपरीत कांग्रेस के फुंदेलाल क्षेत्र में सांसद हिमाद्री की निष्क्रियता को मुद्दा बना रहे हैं। इसके अलावा कांग्रेस ने घोषणा-पत्र में अपने मुद्दे गिना दिए हैं। पांच न्याय के साथ कांग्रेस ने 24 गारंटियों की बात की है। वह किसान कर्जमाफी को भी मुद्दा बना रही है और एमएसपी को भी। भाजपा और कांग्रेस का प्रचार जोर पकड़ता दिख रहा है।

### कोरोना काल में जनता के बीच नहीं दिखी थीं हिमाद्री, कांग्रेस के फुंदेलाल का पुष्पराजगढ़ में ज्यादा असर

# भाजपा प्रत्याशी से नाराजगी, मुकाबले में रहने की कोशिश में कांग्रेस

*विंध्य अंचल की शहडोल लोकसभा क्षेत्र की सांसद और भाजपा प्रत्याशी हिमाद्री सिंह से क्षेत्र के लोगों में कुछ नाराजगी है, क्योंकि वह कोरोना कॉल में लोगों के साथ खड़ी नहीं दिखाई पड़ी। दूसरी वजह पति और भाजपा नेता नरेंद्र सिंह मरावी के साथ चल रही उनकी अनबन भी है। खबर है कि पति और पत्नी साथ नहीं रह रहे हैं। बावजूद इसके भाजपा की स्थिति मजबूत है। कांग्रेस के फुंदेलाल मार्को विपरीत परिस्थिति में भी विधानसभा चुनाव जीतते रहे हैं। वे क्षेत्र का जाना-माना चेहरा हैं, लेकिन उनका असर उनके विधानसभा क्षेत्र पुष्पराजगढ़ में ही ज्यादा है। हालांकि आदवासियों के एक वर्ग में उनकी अच्छी पकड़ बताई जाती है। इसकी बदौलत वे मुकाबले में बने रहने की कोशिश कर रहे हैं।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

शहडोल की सांसद हिमाद्री सिंह चुनाव भले भाजपा की टिकट पर लड़ रही हैं, लेकिन उनकी राजनीतिक और पारिवारिक पृष्ठभूमि कांग्रेसी है। उनके पिता दलबीर सिंह क्षेत्र के सांसद के साथ कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे हैं। हिमाद्री की मां राजेश नंदिनी सिंह भी कांग्रेस से सांसद रही हैं। दलबीर सिंह के निधन के बाद राजेश नंदिनी सिंह ने पति की राजनीतिक विरासत संभाली और राजेश नंदिनी सिंह के निधन के बाद हिमाद्री चुनाव मैदान में उतरीं। हिमाद्री 2016 के उप चुनाव में कांग्रेस की ओर से पहली बार मैदान में



हिमाद्री सिंह



फुंदेलाल मार्को

उतरी और भाजपा के ज्ञान सिंह से 60 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से पराजित हो गईं। नतीजा, अगले लोकसभा चुनाव 2019 से पहले उन्होंने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा ने उन्हें टिकट दिया और वे कांग्रेस की प्रमिला सिंह को रिकार्ड 4 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर हरा कर जीत गईं। खास बात यह भी है कि हिमाद्री ने कांग्रेस में रहते भाजपा नेता नरेंद्र सिंह मरावी के साथ शादी की थी, जबकि नरेंद्र सिंह 2009 में उनकी मां राजेश नंदिनी सिंह के खिलाफ ही लोकसभा चुनाव लड़े थे और 13 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से हार गए थे। हिमाद्री 4 लाख से ज्यादा वोटों के रिकार्ड अंतर से चुनाव जीती थीं। हालांकि कोरोना कॉल में वे क्षेत्र के लोगों के साथ खड़ी दिखाई नहीं पड़ीं। इसकी वजह से लोगों में उनके प्रति नाराजगी है। दूसरा, हिमाद्री के पति नरेंद्र सिंह मरावी भाजपा के बड़े नेता हैं। वे भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष रहे हैं। हिमाद्री अपने पति से अलग रह रही है। इसकी वजह से भी कुछ लोग नाराज बताए जाते हैं। इसका तात्पर्य यह भी नहीं कि भाजपा की हालत ठीक नहीं है। शहडोल में देश की हवा का असर है और यहां एक बार फिर भाजपा की स्थिति मजबूत दिख रही है। कांग्रेस के फुंदेलाल भी क्षेत्र के मजबूत नेताओं में से एक हैं। भाजपा की लहर में भी वे विधानसभा चुनाव नहीं हारे।

### विस में भाजपा ने जीतीं 8 में से 7 सीटें

विधानसभा की ताकत के लिहाज से भाजपा का पलड़ा भारी है। पार्टी ने 8 में से 7 सीटें जीत रखी हैं। इसके विपरीत कांग्रेस को सिर्फ एक सीट पर संतोष करना पड़ा है। यह सीट भी कांग्रेस प्रत्याशी फुंदेलाल की पुष्पराजगढ़ है। वे यहां से लगातार तीसरी बार चुनाव जीते हैं। हालांकि इस बार उनकी जीत का अंतर बहुत घट गया। फुंदेलाल 2013 में 35 हजार 643 और 2018 में 21 हजार 201 वोटों के अंतर से चुनाव जीते थे, लेकिन चार माह पहले 2023 के चुनाव में वे 4 हजार 486 वोटों से ही जीत सके। 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस बराबरी पर थे। दोनों ने 4-4 विधानसभा सीटों में जीत दर्ज की थी, लेकिन इस बार भाजपा ने 7 सीटें जीतीं और जीत का अंतर भी कुल मिलाकर 2 लाख 12 हजार 835 वोट का है। इस अंतर को पाटना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है।

### शहडोल में आधे से ज्यादा मतदाता आदिवासी

शहडोल लोकसभा सीट आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित है। क्षेत्र में आदिवासियों के साथ अनुसूचित जाति वर्ग के मतदाताओं की तादाद भी आधे से ज्यादा है। 2011 की जनगणना के मुताबिक शहडोल क्षेत्र के तहत 44.76 फीसदी आबादी आदिवासी वर्ग की है। इसके साथ क्षेत्र में 9.35 फीसदी आबादी अनुसूचित जाति वर्ग की है। इन दोनों वर्गों के मतदाता भाजपा-कांग्रेस में बंटते हैं, लेकिन ज्यादा भाजपा के पक्ष में ही जाते हैं। आदिवासी वर्ग का कुछ वोट गोंगपा भी ले जाती है। इसके बाद क्षेत्र में पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की तादाद 30 फीसदी के आसपास है। यह वर्ग ज्यादा तादाद में भाजपा के पक्ष में ही जाता है। कांग्रेस को पिछड़ों के साथ कुछ सवर्णों का वोट मिलता है।

### चार जिलों में फैला है शहडोल लोकसभा क्षेत्र

शहडोल की गिनती विंध्य अंचल में होती है, लेकिन इसका भौगोलिक क्षेत्र महाकौशल तक जाता है। लोकसभा क्षेत्र चार जिलों शहडोल, अनूपपुर, उमरिया और कटनी तक फैला है। इसके तहत शहडोल जिले की दो विधानसभा सीटें जयसिंहनगर और जैतपुर, अनूपपुर जिले की तीन अनूपपुर, पुष्पराजगढ़ और कोतमा, उमरिया जिले की दो बांधवगढ़, मानपुर और कटनी जिले की एक विधानसभा सीट बड़वारा आती है। इनमें से एक पुष्पराजगढ़ को छोड़ शेष सभी 7 पर भाजपा का कब्जा है। जहां तक शहडोल लोकसभा सीट के राजनीतिक मिजाज का सवाल है तो 1991 और 2009 में यहां से कांग्रेस के दलवीर सिंह और उनकी पत्नी राजेश नंदिनी सिंह ही चुनाव जीते है।

**खबर संक्षेप**

### अतिथि शिक्षकों को मानदेय भुगतान के निर्देश

**सीहोर।** स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत अतिथि शिक्षकों को उनके मानदेय भुगतान के संबंध में आयुक्त लोक शिक्षण ने निर्देश जारी किए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों को पत्र लिखा गया है। कोषालय अधिकारियों द्वारा आईएफ एमआईएस के आधार पर मिलान और परीक्षण कर रिक्त पद के विरुद्ध ही स्कूलों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों के मानदेय का भुगतान किया जाएगा।

### चुनावी ड्यूटी में मृत्यु होने पर अनुग्रह राशि मिलेगी

**सीहोर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत्यु या गंभीर चोटों के मामले में मतदान, सुरक्षा कर्मियों के परिजन को अनुग्रह राशि का प्रावधान किया गया है। इसमें चुनाव संबंधी सभी प्रकार की ड्यूटी में तैनात सभी कार्मिक, सीएपीएफ, एसएपीएस, राज्य पुलिस, होम गार्ड के सभी सुरक्षाकर्मी, कोई भी निजी व्यक्ति जैसे ड्राइवर, क्लीनर आदि जिसे चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त किया गया हो और बीईएल, सीआईएल इंजीनियर भी शामिल हैं। प्रथम स्तरीय जांच, ईवीएम कमीशनिंग, मतदान दिवस और मतगणना दिवस ड्यूटी में लगे हों।

### निर्माण स्थल पर श्रमिक और उनके बच्चों की सुरक्षा और सुविधा के नहीं पुख्ता इंतजाम

# हादसे के छह माह बाद भी शिफ्ट नहीं हाइटेंशन लाईन करंट लगने से बुरी तरह झुलस गया था एक श्रमिक

### सीएम राइज स्कूल के निर्माणाधीन भवन पर झूल रहा मौत का साया, हाइपरटेंशन लाईन बनी श्रमिकों की लिए जान का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

नगर में करीब 32 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे सीएम राइज स्कूल भवन के ऊपर से निकली 33 केवी की विद्युत लाइन निर्माण में जुटे दर्जनों श्रमिकों के लिए जान का खतरा बनी हुई है। करीब छह माह पहले उक्त बिजली के तार की चपेट में आने से एक श्रमिक करंट से गंभीर रूप से घायल हो गया था, लेकिन बावजूद इसके ठेकेदार और बिजली कंपनी द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। निर्माणाधीन भवन के उपर से अभी तक उक्त हाइटेंशन लाइन नहीं हटाई गई है। इतना ही नहीं निर्माण स्थल पर श्रमिकों और उनके बच्चों की सुविधा और सुरक्षा के लिए भी पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं। स्थिति यह है कि भवन में बड़ी संख्या में काम कर रहे पुरुष व महिला श्रमिक बिना सुरक्षा उपकरण के जान जोखिम में डालकर काम करने को मजबूर है। लेकिन हैरानी की बात है कि इस ओर कोई भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहा है।

करोड़ों रुपये की लागत से बनाएं जा रहे सीएम राइज स्कूल भवन निर्माण में ठेकेदार द्वारा कई अनियमितताएं की जा रही है। एक ओर जहां लोग उक्त निर्माण की गुणवत्ता पर सवालिया - निशान लगाते हुए इसे घटिया और निम्न स्तर का बता रहे हैं। वहीं दूसरी ओर निर्माण स्थल पर ठेकेदार द्वारा श्रमिक और उनके बच्चों की सुविधा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी नहीं किए गए हैं। छाया, पेयजल आदि बुनियादी सुविधाओं के अभाव में श्रमिकों को खारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छाया की समुचित व्यवस्था नहीं होने से मासूम बच्चों को चिलचिलाती



**इछावर।** हाइटेंशन लाइन के पास मिक्सर मशीन को हादसा होने के बाद भी अन्य स्थान पर नहीं किया शिफ्ट।

गर्मी से बचने के लिए नवनिर्मित दीवारों व छत का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे हादसे की आशंका बनी रहती है। श्रमिकों के पास सुरक्षा के उपकरण भी नहीं है। पुरूष के साथ महिला श्रमिकों को भी बिना सुरक्षा उपकरणों के काम करने को मजबूर होना पड़ रहा है। इससे उन्हें जान का खतरा बना हुआ है। श्रमिकों का कहना है कि उनके पास सुरक्षा उपकरण के नाम पर कुछ भी नहीं है। अधिकांश श्रमिक बिना हैलमेट, जूते, चश्मा, फेस कवर, ईयर प्लग, मफ आदि उपकरण के बिना ही कांक्रीट का काम कर रहे हैं। इससे अक्सर हादसा होने की संभावना बनी रहती है।

#### हादसे से नहीं लिया सबक

गौरतलब है कि 20 सितंबर 2023 को निर्माण के दौरान मिक्सर मशीन पर चढ़कर कांक्रीट मटैरियल में पानी डालने के दौरान श्रमिक लवेश काले की भवन के उपर झूल रहे हाइटेंशन लाइन के तार की चपेट में से वह गंभीर रूप से झुलस गया था। इस दौरान बिजली कंपनी ने ठेकेदार पर बिना परमीशन और

**21 सितंबर को प्रकाशित हुई खबर**



मिक्सर मशीन पर चढ़कर पानी मिक्स कर रहा मजदूर बिजली की चपेट में आने से हुआ गंभीर रूप से घायल

स्कूल भवन निर्माण के दौरान मजदूर झुलसा, बिजली कंपनी की अनुमति के बिना ठेकेदार कर रहा था काम

मजदूर की हालत नाजुक होने के कारण भोपाल अस्पताल रेफर किया गया। एसडीएम बोले जांच के बाद ठेकेदार पर की जाएगी कार्रवाई।

एनओसी लिए काम करने की बात कही थी। साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों ने संबंधित आरोपी ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। लेकिन हैरानी की बात यह है कि हादसे के छह माह बाद भी आरोपी के खिलाफ ना तो कोई कार्रवाई हुए है और ना ही उक्त हाई टेंशन लाइन को शिफट किया गया है। अभी भी श्रमिक 33 केवी लाइन के नीचे मौत के साएं में काम कर रहे है इससे कभी भी कोई बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

#### दीवारों में आई दरारों को सीमेंट के घोल से छिपाने की कोशिश



बिना मापदंड और गुणवत्ता के बनाए जा रहे भवन की दीवारों में अभी के कई जगह दरारें दिखाई दे रही है। इन दरारों को ठेकेदार द्वारा सीमेंट के घोल से मरम्मत कर छिपाने की कोशिश की जा रही है। नगर के सुरेश जाट, जितेंद्र वर्मा, राधेश्याम सेमलिया आदि का कहना है कि भवन निर्माण में ठेकेदार द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। निर्माण घटिया और गुणवत्ताविहीन है। ठेकेदार द्वारा तराई नहीं की जा रही है। दीवारों में अभी से कई जगह दरारे दिखाई दे रही है ऐसे में यह भवन कितना मजबूत और टिकाउ होगा इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

#### नहीं है जानकारी

संबंधित ठेकेदार द्वारा बिजली कंपनी से एनओसी लेने के संबध में मुझे जानकारी नहीं है। दरअसल मैने अभी ज्वाईन किया है। यदि बिजली कंपनी से एनओसी दी होती तो उक्त लाईन को शिफट कर दिया होता।

**सुनील खरे,** अधीक्षण यंत्री बिजली वितरण कंपनी सीहोर

### खजांची लाइन स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में बैठक का आयोजन कर लिया निर्णय

# धूमधाम से मनाई जाएगी भगवान परशुराम की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस साल भी सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में भगवान परशुराम की जयंती आस्था, उत्साह के साथ मनाई जाएगी। भगवान परशुराम की जयंती को सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में मनाए जाने को लेकर एक सामाजिक बैठक का आयोजन शहर के खजांची लाइन स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित की गई थी। साथ ही शोभायात्रा के आयोजन को लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई ताकि समाज का हर वर्ग इस में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित कर पाए। इसके लिए चल समारोह अध्यक्ष, युवा अध्यक्ष सहित अन्य समितियों का गठन किया गया।

चल समारोह का अध्यक्ष आशुतोष शर्मा मौनी को मनोनित किया गया है। इसके अलावा युवा अध्यक्ष के रूप में समाज के सक्रिय नयन जोशी को बनाया गया है। बैठक में प्रमुख रूप से समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा,



कार्यकारी अध्यक्ष सुदीप व्यास, मनोहर शर्मा, रमाकांत समाधिया, पूर्व चल समारोह समिति के अध्यक्ष प्रवीण तिवारी, जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, राजेन्द्र शर्मा कल्लू, सुनील पाराशर, शैलेश तिवारी आदि उपस्थित में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अनेक वक्ताओं ने सुझाव दिए और अपना परिचय दिया।

इस मौके पर तय किया गया है कि आगामी दिनों में शहर को सेक्टरों में विभाजित किया जाएगा और हर सेक्टर में दस-दस लोगों को लाने की जिम्मेदारी के साथ आमंत्रण पत्र आदि वितरण की जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए। इस बैठक में तय किया गया कि आगामी 12 मई रविवार को भगवान परशुराम जयंती पर जिला मुख्यालय में चल समारोह निकाला जाएगा। इससे पहले भगवान परशुराम की जयंती का आयोजन किया जाएगा। वहीं, आयोजन को लेकर प्रशासन द्वारा स्वीकृत लेने, घर-घर जाकर विप्रजनों को आमंत्रित करने, सहयोग राशि एकत्रित करने, भगवान परशुरामजी की झांकी सजाने के साथ अन्य व्यवस्थाओं को लेकर अलग-अलग कमेटी गठित कर दायित्व सौंपे गए। इस दौरान पूरे कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार करने को लेकर चर्चा की गई। आगामी 10 मई को भगवान परशुराम की जयंती है, वहीं 12 मई रविवार को भव्य रूप से चल समारोह निकाला जाएगा। इससे पहले जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा और उसके बाद रविवार को चल समारोह निकाला जाएगा।

#### सेक्टर वाइज की जाएगी विप्रजनों की बैठक

इस दौरान बैठक में अनेक सुझाव के साथ यहां पर मौजूद पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी दिनों में शहर के अनेक सेक्टरों में विप्रजनों की बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें चाणक्यपुरी, कस्बा, छावनी, मंडी, कस्बा, गंज, इंदौर नाका आदि शामिल हैं। वहीं इस दौरान चल समारोह में बैंड-बाजे के साथ समारोह निकाले जाने को लेकर चर्चा की गई।

### अधिकतम तापमान में 2 डिग्री की गिरावट 48 घंटे तक ऐसे मौसम रहने का अनुमान

**सीहोर।** जिले में रविवार को मौसम का मिजाज बदला हुआ है। सुबह से ही आसमान पर बादल छा जाने के कारण धूप-छांव के बीच खेल चल रहा है। इस बीच मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 48 घंटे भी मौसम ऐसा ही रहेगा।



जानकारी के अनुसार, पिछले एक सप्ताह से जिले में लगातार दोपहर के समय तेज धूप के कारण अधिकतम तापमान 39 डिग्री के आसपास चल रहा था। लेकिन रविवार को मौसम में परिवर्तन हुआ और आकाश में बादल छा गए। जिसके कारण अधिकतम तापमान में 2 डिग्री की कमी आई है। रविवार को 37 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज हुआ है। जबकि न्यूनतम तापमान 23 डिग्री से घटकर 22 डिग्री पर आ गया है। शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण आज से 3 दिनों तक मौसम में परिवर्तन देखने को मिलेगा। हालांकि, 30 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चल सकती है तो अगले तीन दिनों तक मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ रहेगा। जिले में कुछ स्थानों पर रिमझिम बारिश होने की भी संभावना है।

**खबर संक्षेप**

### उम्मीदवार को अपने आपराधिक प्रकरणों की जानकारी देनी होगी

**सीहोर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा अधिकतम 4 फॉर्म भरे जा सकेंगे। प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने नाम निर्देशन पत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र में एक शपथ पत्र भी देना होगा। अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट www.ceomadhyapradesh.nic.in पर 24 घंटे में प्रदर्शित किए जाएंगे। शपथ पत्र में उम्मीदवार को अपने आपराधिक प्रकरणों की जानकारी भी देनी होगी, जिससे मतदाता ऐसे उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि के बारे में जान सकें। साथ ही राजनीतिक दलों को समाचार पत्र एवं टीवी चैनल में आपराधिक प्रकरण वाले उम्मीदवार के चयन का आधार बताते हुए 3 अलग-अलग तारीखों में उद्घोषणा भी प्रकाशित करानी होगी। प्रत्याशी के चयन के 48 घंटे में समाचार पत्र, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं पार्टी की वेबसाइट पर फॉर्म सी-7 में प्रकाशित करना होगा।

### अभ्यर्थी 95 लाख रुपए तक व्यय कर सकेंगे

**सीहोर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोस निर्वाचन-2024 के लिए अभ्यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रुपए निर्धारित है।

### भाजपा ने मनाया पार्टी का 45वां स्थापना दिवस, जुटे कई कार्यकर्ता

# भाजपा कार्यालय पर फहराया पार्टी ध्वज महापुरुषों की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण

स्थापना दिवस पर सैकड़ो ने भाजपा की सदस्यता की ग्रहण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारतीय जनता पार्टी ने अपना 45वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, देवास विधायक गायत्री राजे पवार, हाटपलिया विधायक मनोज चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला भेरूलाल अटारिया, पूर्व पाठ्यपुस्तक निगम अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, पूर्व महापौर सुभाष शर्मा, शरद पाचुनकर ने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी के 45 वें स्थापना दिवस पर भाजपा जिला कार्यालय में झण्डा फहराया। इसी के साथ महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री मनीष सोलंकी, पंकज वर्मा, रवि जैन, संजय दायमा, मनोहर जाधव, जुगनू गोस्वामी, भारत सिंह पटलावदा, अजय तोमर, प्रतीक सोलंकी, आलोक साहू, तनय चौधरी, राहुल गोस्वामी, नयन कानूनगो, विजय सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र चौधरी एवं सह मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के सैकड़ों लोग पार्टी में शामिल हुए। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, देवास विधायक गायत्री राजे पवार, हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी एवं न्यू ज्वॉइनिंग



टोली के जिला संयोजक पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष रायसिंह सेंधव के समक्ष जिला कार्यालय में शनिवार को सैकड़ों कांग्रेस तथा अन्य पार्टियों से जुड़े नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सुरेश चौधरी गुर्जर प्रदेश महासचिव गुर्जर विकास संगठन एवं पूर्व अध्यक्ष देवास जिला अभिभाषक संघ एवं - विशेष लोक अभियोजक एस.सी.एस.टी. एक्ट के अंतर्गत देवास- पूर्व जिला अध्यक्ष म.प्र.कांग्रेस सेवादल जिला देवास म.प्र.पूर्व जिला अध्यक्ष- म.प्र. कांग्रेस कमेटी विधि एवं मानव अधिकारी विभाग जिला देवास प्रदेश महा सचिव म.प्र.कांग्रेस कमेटी विधि एवं मानव अधिकारी विभाग म.प्र., राधेश्याम वर्मा एवं देवनारायण कनासिया जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ देवास, ओमप्रकाश श्रीवास्तव पूर्व उपाध्यक्ष इंटक, जगदीश जलोदिया सेवानिवृत्ति सहकारी निरीक्षक एवं प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय धोबी महासंघ मध्य प्रदेश सहित देवास विधानसभा में 60, सोनकच्छ विधानसभा में 117, हाटपीपल्या विधानसभा में 93, बागली विधानसभा में 128, खातेगांव विधानसभा में 114 लोगों इस तरह देवास जिले में कुल 600 से अधिक जनप्रतिनिधियों ने भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा जिला अध्यक्ष एवं विधायकों ने अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का परिवार निरंतर बढ़ रहा है। आपका परिवार में स्वागत है। पार्टी की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर आप सभी पार्टी में शामिल हुए हैं। देवास विधायक गायत्री राजे पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री का सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के प्रति हर व्यक्ति का विश्वास बढ़ा है। विभिन्न समाज के गणमान्यजन बड़ी संख्या में पार्टी से जुड़ रहे हैं।

## शासकीय शालाओं में एडमिशन बढ़ाने के लिए बीआरसीसी कर रहे प्रयास



**सीहोर।** शासकीय स्कूलों में एडमिशन बढ़ाने हेतु अधिकारी गण, शासकीय शिक्षक एवम प्रांतीय शिक्षक संघ पंपलेट एवम डोर टू डोर संपर्क के माध्यम से पूरे सीहोर जिले में प्रयास कर रहे हैं।

इसी कड़ी में छात्र संख्या बढ़ाने के लिए बीआरसी सी तरुण बैरागी ने भी प्रयास प्रारंभ कर सकारात्मक पहल की है। आष्टा बीआरसीसी तरुण कुमार बैरागी एवं बीएसी मनोज विश्वकर्मा,फूचंद साकले, जनशिक्षक राजेश सूर्यवंशी, शेषपाल सिंह ठाकुर ने विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर कर डोर टू डोर संपर्क किया । गृह संपर्क में अभिभावकों को सरकारी स्कूल में प्रवेश के लिए शासकीय स्कूलों की विशेषताओं के विषय में बताते हुए स्कूलों के लिए विभिन्न योजनाओं, अंग्रेजी गणित ओलंपियाड, परीक्षा परिणाम, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवम विशेषताओं के विषय में बताया। शासकीय स्कूलों की मध्यान्ह भोजन, छात्रवृत्ति, निशुल्क पाठ्यपुस्तक, निशुल्क गणवेश ,साइकिल , स्कूटी सहित विभिन्न योजनाओं के विषय में बताया एवम उन्हे प्रेरित किया कि वे शासकीय स्कूलों में अधिक से अधिक प्रवेश दिलाएं।

### रेहटी में मनाया जाएगा धूमधाम से चेती चांद (झूलेलाल जयंती)

**रेहटी।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी सिंधी समाज के द्वारा 10 अप्रैल को भगवान झूलेलाल जी की जयंती चेती चांद समाज जनों एवं नगर के वरिष्ठ जनों के द्वारा बाग़वान गार्डन में मनाया जाएगा। भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अश्विनी नानकानी एवं युवा शाखा नगर अध्यक्ष एवं भारतीय सिन्धू सभा मुख्य शाखा अध्यक्ष भगवानदासज्ञानचंदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि झूलेलाल जयंती के दिन समाज के एक वर्ष के बच्चों की जमाल ( मुंडन ) उतारने की प्रथा है। उसके बाद बहराना साहब भगवान झूलेलाल जी की आरती के बाद भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से ढोल ढमाको के साथ समाज के पुरुष महिलाएं एवं बच्चे एवं वरिष्ठ नागरीक एवं हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारी शामिल होते हैं जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत होता है प्रसाद वितरण करते हुए बस स्टैंड रेहटी पर मीठे चावल और छोले और शरबत का प्रसाद वितरण टैंट लगाकर किया जाता है।

## तीन सीनियर कराटे खिलाड़ियों को मिली मास्टर डिग्री, 45 को कराटे कलर बेल्ट



**सीहोर।** विभिन्न बीमारियां समूचे विश्व में चिंता का विषय बनी हुई हैं। विभिन्न स्तरों पर बीमारियों की चुनौतियों से जूझने के प्रयास हो रहे हैं लेकिन बीमारियों के रूप में नित नए खतरे सामने आ रहे हैं। गलत तरीके से खान-पान का दुष्परिणाम बीमारियों के रूप में सामने आते है, इसलिए नियमित रूप से व्यायम करना और अच्छा आहार प्राप्त करना जरूरी है। उक्त विचार मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान में शहर के इंदौर नाका स्थित कराटे कोचिंग सेंटर में कराटे कलर बेल्ट प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण के दौरान वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय ने कहे।

रविवार की सुबह मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान में कोचिंग सेंटर में कराटे कलर बेल्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 80 से अधिक बच्चों ने भाग किया। इसमें 45 बच्चे सफल रहे। इन्हें पुरस्कृत किया गया। मुख्य प्रशिक्षक कराटे मास्टर कोच लखन ठाकुर के नेतृत्व में कराई गई। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका विमला ठाकुर, त्रयंबक ठाकुर अन्य ने निभाई। प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए समाजसेवी श्री राय, एसोसिएशन की ओर से मनोज दीक्षित मामा ने पुरस्कारों का वितरण किया। इस मौके पर संस्था की ओर से बालिकाओं ने अपनी कला का प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया।

मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि येलो बेल्ट अनुराग मेवाड़ा, निकुंज राय, सक्षम सिंह आर्यन मांडेकर, अदिति मांडेकर, उजाली सोनी, मानव राठौर, जेनिशा नागर दिव्यांशी शर्मा, कशिश वर्मा, सुधांशु वर्मा, प्रियांशी वर्मा, गणेश वर्मा, रजत वर्मा, ओरेंज़ बेल्ट देवराज पटेल, जयश कुशवाह सुकृति तिवारी ने हासिल किया। वहीं ग्रीन बेल्ट अवनेश कुशवाह, प्रियंका भरवे, भारती राठौर, विशेष सोनी। इसके अलावा ब्लू बेल्ट ज़िशॉन ख़ान, धुरव इतावादिया, विनय कोशल, राजश्री कोशल, उद्धव कोशल, भूमि शर्मा, पर्पल ब्लू बेल्ट मानकीर्त कोर, राजपाल, वंश शर्मा, युवराज परमार, ब्राउन बेल्ट यशिका यादव, राखी परमार, अथर्व त्यागी, अरबाज़ ख़ान आदि शामिल थे।

इसके अलावा तीन खिलाडिय़ों को मास्टर डिग्री प्रदान की है। जिसमें पंकज वर्मा, राजकुमार चंद्रवंशी, अनिल पुरविया शामिल है। उन्होंने बताया कि अब तक एसोसिएशन के तत्वाधान में 100 से अधिक स्पर्धा अब तक हो चुकी है। जिसमें हजारों खिलाडिय़ों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

# वन विभाग ने पकड़ी सागौन बाइक से कर रहे थे परिवहन

**पहले भी हो चुकी है कार्रवाई, लगातार हो रही लकड़ी की चोरी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

क्षेत्र के जंगल से लगातार सागौन लकड़ी की चोरी होती जा रही है। वन विभाग का अमले ने एक बार फिर कार्रवाई की। दो जगहों पर कार्रवाई करते हुए बाइक और सागन की सिल्लियां जब्त की गई।

हालांकि हर बार की तरह इस बार भी आरोपी भाग निकले। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह वन अमले ने खारी से सिराली तरफ दो बाइक को जाते हुए देखा। इन बाइक पर सागौन लकड़ी ले जाई जा रही थी। वन अमले ने घेराबंदी की तो आरोपी भाग निकले। इनसे 7 नग सागौन की सिल्ली

जब्त की गई। साथ ही दोनों बाइकों को भी जब्त कर लिया गया। एक अन्य कार्रवाई अमले ने कैंपियन स्कूल हरियादोह के पास इसी तरह से दो बाइक चालकों की घेराबंदी की। हालांकि दोनों आरोपी भाग निकले और बाइक व लकड़ी को वहीं छोड़ गए। इन दो बाइक के साथ 8 नग सागौन की सिल्ली जब्त की गई। जब्त की गई 4 बाइक की कीमत 1 लाख 25 हजार के करीब है। इसी तरह वनोपज का मूल्य 45 हजार 66 रुपए हुआ है। इस कार्रवाई में रेंजर प्रकाश उईके, डिप्टी रेंजर भाभर, यशवंत गोयल, अमरसिंह रावत आदि अन्य सुरक्षा कर्मचारी मौजूद थे।



# कुबेरेश्वरधाम पर सवा लाख महामृत्युंजय मंत्र का जाप

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में रविवार को शिव चतुर्दशी के पावन अवसर पर विठलेश सेवा समिति के तत्वाधान में सवा लाख महामृत्युंजय मंत्र का जाप आधा दर्जन से अधिक पंडितों की उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के शीघ्र बेहतर स्वास्थ्य के लिए किया गया। इन दिनों जिले ही नहीं पूरे देश में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के अनुष्ठान और यज्ञ-हवन किए जा रहे है। रविवार की सुबह मंदिर में भगवान शंकर का अभिषेक समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, समीर शुक्ला सहित अन्य ने किया और उसके पश्चात महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि गुरुदेव कथा के दौरान कहते है कि इस मंत्र का सवा लाख बार निरंतर जाप करने से आने वाले या विद्यमान रोगों और अशुभ ग्रहों के दुष्प्रभाव समाप्त हो जाते हैं, इस मंत्र के माध्यम से हर रोग से बचा जा सकता है। इस मंत्र के जाप से जीवन में अनेक लाभ होते हैं। भगवान शिव की पूजा का महत्व दूसरे देवी-देवताओं से थोड़ा अलग है। कष्टों से मुक्ति की आस,भगवान भोलेनाथ हर विपदा से अपने भक्तों को बचाते हैं। शिव को प्रसन्न करने के लिए कई मंत्रों का जिक्र शास्त्रों में किया गया है, महामृत्युंजय मंत्र भी उनमें से एक है। अकाल मृत्यु के खौफ से दूर रहने और बीमारियों से मुक्ति के लिए भोलेनाथ के चमत्कारी महामृत्युंजय मंत्र का जाप करना बहुत ही लाभकारी है। इस मंत्र के जाप से देवों के देव महादेव प्रसन्न होते हैं और हर दुख से अपने भक्तों को दूर रखते हैं। रोग, भय, अकाल मौत का डर, हर बला से बचने के लिए कलयुग में भगवान शिव का महामृत्युंजय जाप बहुत ही लाभकारी है। महादेव की होली के दौरान गुरुदेव को सिर पर नारियल लगने से चोट आई थी, लेकिन अब स्वास्थ्य में काफी सुधार है।



# मधुबन अस्पताल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**बुधनी।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमैन राजेंद्र गुप्ता एवं मधु गुप्ता के मार्गदर्शन में मधुबन अस्पताल द्वारा कंपनी परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 200 से अधिक मरीजों की जांच व स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईशिविर में अस्पताल के डायरेक्टर डॉक्टर सी.ए. हैरिसन- जनरल सर्जन,डॉक्टर प्रीति पवार-स्त्री रोग विशेषज्ञ,डॉक्टर वीरेंद्र राजपूत- हड्डी रोग विशेषज्ञ,डॉक्टर महेंद्र यादव और मधुबन अस्पताल की टीम उपस्थित रही जिन्होंने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर मरीजों को उनके स्वास्थ्य को लेकर सलाह दी।




# महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को औषधीय पौधे के विषय में दी जानकारी

**रेहटी।**शासकीय महाविद्यालय रेहटी में रविवार को प्राचार्य डॉ.अंजली गढ़वाल के नेतृत्व में रसायन शास्त्र विभाग अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की संयोजक डॉ. निधि मालवीय के मार्गदर्शन में सफल आयोजन किया गया जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में पंडित खुशी लाल शर्मा आयुर्वेद महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ अंशु मालवीय ने औषधीय पौधों का मानवीय दैनिक जीवन में उपयोग विषय पर अपना महत्वपूर्ण व्याख्यान ऑनलाइन गेस्ट लेक्चर के माध्यम से आयोजन किया गया उन्होंने महत्वपूर्ण औषधीय पौधों के बारे में विस्तृत जानकारी छात्रों को दी मानव स्वास्थ्य पर औषधीय पौधों का प्रभाव किस प्रकार पड़ता है इसको संपूर्ण विस्तार से बताया कार्यक्रम का प्रबंधन अरविंद कुमार ने किया कार्यक्रम का संचालन डॉ. डॉली दुबे ने कियाआभार डॉ. लेखिका श्रीवास्तव द्वारा प्रकट किया गया इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सहायक प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



**सभी ब्लॉक में होगा प्रेस क्लब का गठन- पत्रकार रघुवर गोहिया**

# पत्रकारों के हित के लिए आधी रात को भी खड़ा रहूंगाः जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष राकेश राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

यदि जिले के किसी भी पत्रकार साथी पर कोई संकट आता है या उसे प्रताड़ित किया जाता है तो मैं आधी रात को भी उसके साथ खड़ा मिलूंगा। पत्रकारों को भी एकजुट रहना चाहिए। यह बात सीहोर जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष राकेश राय ने शनिवार को भैरूंदा में आयोजित ब्लाक स्तरीय पत्रकार सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कही। उन्होंने कहा कि उनके सीहोर स्थित वॉटर पार्क में पत्रकार साथियों के परिवार को वर्ष में एक बार निशुल्क इंट्री दी जाएगी। साथ ही भोजन के बिल में 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

गौरवशाली इतिहास है प्रेस क्लब का

सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे जिले के वरिष्ठ पत्रकार रघुवर दयाल गोहिया ने जिला प्रेस क्लब के गौरवशाली इतिहास और विरासत के बारे में सारगर्भित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीहोर की खंडेलवाल धर्मशाला में सन सत्तर के दशक में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री स्व. डॉ. शंकर दयाल शर्मा, मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्व. उमरावसिंह तथा पूर्व विधायक स्व. हरिकृष्ण सिंह की मौजूदगी में हुआ था। तब से लेकर अभी तक प्रेस क्लब ने कई उतार चढ़ाव देखे हैं। हमारा सौभाग्य है कि एक समाज सेवक के रूप में हमें कई सालों के बाद राकेश राय जैसा व्यक्ति मिला है। श्री गोहिया ने कहा कि यदि सबका सहयोग रहा तो आगामी दिनों में भैरूंदा में पत्रकार प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किया जाएगा। अंत में उन्होंने अच्छे आयोजन के लिए स्थानीय पत्रकार लक्ष्मीनारायण अग्रवाल को धन्यवाद भी दिया।



**इनका किया गया सम्मान :** सम्मेलन में जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश राय, महासचिव रघुवर दयाल गोहिया, भैरूंदा के वरिष्ठ पत्रकार रामकृष्ण सोनी, राजेश अग्रवाल, पुष्पा शर्मा, सीहोर के पत्रकार धर्मेंद्र यादव, नावेद जाफरी, एआर शेख मुंशी, मनोज मामा दीक्षित आदि का शॉल, श्रीफल आदि भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के सदस्यों को परिचय पत्र भी सौंपे गए।

**लक्ष्मीनारायण अग्रवाल बने अध्यक्ष :** कार्यक्रम में पत्रकार लक्ष्मीनारायण अग्रवाल की कर्मठता को देखते हुए उन्हें साल 2024 के लिए भैरूंदा ब्लॉक का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुकि पत्र श्री राय ने श्री अग्रवाल को सौंपा। कार्यक्रम को अतिथियों सहित वरिष्ठ पत्रकार संतोष सिंह, मनोज दीक्षित मामा, रामकृष्ण सोनी तथा राजेश अग्रवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार पुष्पा शर्मा ने किया तथा आभार पत्रकार रिक्की अग्रवाल ने माना।

# सीहोर वाइस ने सीहोर चिल्ड्रन को एक तरफा मुकाबले में 3-0 से हराया



**सीहोर।** जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में एक मैच का आयोजन किया गया था। जिसमें सीहोर वाइस ने सीहोर चिल्ड्रन को एक तरफा मुकाबले में 3-0 से हराया। इस मौके पर एसोसिएशन के तत्वाधान में शनिवार से 45 दिवसीय निशुल्क फुटबाल शिविर का शुभारंभ सीनियर संतोष ट्राफी के प्लेयर आनंद उपाध्याय, मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य ने शिविर का शुभारंभ किया। जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने बताया कि शनिवार को चर्च मैदान पर एक मात्र मैच खेला गया था। जिसमें सीहोर वाइस की ओर से शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए युवराज, मुस्कान और दिशा के एक-एक गोल की बदौलत वाइस ने सीहोर चिल्ड्रन को विशाल अंतर से हराया। इस मैच के पश्चात शिविर में आठ साल से 16 वर्ष के आए खिलाडिय़ों को कोच विपिन पवार ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

ये भी अजब है....कचरे के ढेर को उठाने से बचने कर्मचारियों ने ढूंढा उपाय

# कचरे में आग: एक प्रदूषण खत्म कर दूसरा प्रदूषण फैला रही नपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्वच्छ राजगढ़, सुंदर राजगढ़ की परिकल्पना के साथ नगर के विभिन्न वार्डों एवं मोहल्लों में नगर पालिका द्वारा प्रतिदिन साफ-सफाई करवाई जा रही है। लेकिन, नपा के स्वच्छता कर्मचारी कचरे के ढेरों को उठाने की मेहनत से बचने उसमें आग लगवा रहे हैं।

दूसरे शब्दों में कहा जाए तो कचरे वाला एक प्रदूषण खत्म करने के लिए नगर पालिका के कर्मचारी दूसरा वायु प्रदूषण करवा रहे हैं। शनिवार को स्थानीय संस्कृति होटल के ठीक सामने के नाले के ऊपर इकट्ठे करवाए गए कचरे के बड़े ढेर में नपा दरोगा श्री जैन के निर्देषों पर स्वच्छता कर्मियों ने उसे आग के हवाले कर दिया। कचरे में आग लगाए जाने के इस तरह के दृष्य अमूमन अक्सर ही नजर आ रहे हैं। कचरे के ढेरों को उठाकर उन्हें वाहनों में डालने में मेहनत लगती है। इसी से बचने उनमें आगे लगाने का सहारा लिया जा रहा है जिससे दूसरा घातक वायु प्रदूषण हो रहा है।

### रहवासियों की सांसों में घुल रहा जहर

इस कचरे में पॉलीथीन, प्लास्टिक, जैविक सहित अन्य सभी तरह का कचरा रहता है। आग लगाने से उठने वाला प्रदूषित धुंआ बेहद जहरीला होकर रहवासियों के स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा प्रतिकूल असर डालता है। शनिवार को जहां आग लगाई गई वह करीब आधे घंटे तक जलती रही और काफी समय आग का प्रदूषित धुंआ वातावरण में फैलता हुआ देखा गया।

### आगजनी की भी रहती है संभावना

ऐसा नहीं है कि कचरे में आग लगाने से सिर्फ वायु प्रदूषण मात्र ही फैलता है। कभी-कभी कचरे के ढेरों में लगी आग फैल भी जाती है। अगर ऐसा हुआ तो आसपास की रहवासी बस्तियों, कॉलोनियों तक इस आग के फैलने की संभावना रहती है। पूर्व में इस तरह की आग फैलने से अनहोनी की घटनाएं मध्यप्रदेष के अन्य जिलो में घटित हो चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व इसी तरह की घटना में राजेष्वर कान्वेंट स्कूल के सामने स्थित मतस्य विभाग के कर्मचारियों ने पार्क के कचरे में आग लगवा दी थी जो बहुत ज्यादा ही फैल गई थी बाद में उससे फायर बिग्रेड पर से काबू पाया जा सका था।

### करेंगे कार्रवाई

*मैंने कर्मचारियों को बता रखा है कि कहीं भी कचरे के ढेरों में आग न लगाएं। अगर फिर से ऐसा किया जा रहा है तो सख्ती से उस पर कन्ट्रोल करवाते हैं। सही है, प्रदूषण के साथ-साथ अनहोनी का भी खतरा रहता है। आगे से जहां भी ऐसा नजर आया तो संबंधित पर कार्रवाई भी की जाएगी।*

**रवि गुप्ता,** सीएमओ, नगर पालिका, राजगढ़

ट्रैफिक पुलिस ने चलाया समझाइश अभियान

# आगे से हम ऑटो में ओवर लोडेड सवारियां नहीं बैठाएंगे



**राजगढ़-ब्यावरा।** लोडिंग वाहनों को यात्री वाहन की तरह इस्तेमाल कर सवारियों का परिवहन करने सहित ऑटो, जीप व ऐसे ही दूसरे वाहनों की छतों पर बैठाकर यात्रियों की जान से खिलवाड़ करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस कार्रवाई लगातार जारी है।

कार्रवाई के साथ ही अब टैफिक पुलिस ने समझाईस एवं माफीनामा अभियान भी चलाया है। पिछले दिनों आठ ऑटो चालकों छतों, पैरदान में सवारियों को बैठाते नजर आए। इस पर यातायात प्रभारी देवनारायण पांडेय ऑटो चालकों को समझाइश देकर माफीनामा अभियान के तहत उनसे गलती स्वीकार करवाई। साथ ही समझाइश दी कि आगे से अगर वे ऐसा करेंगे तो चालान काटने के साथ-साथ न्यायालयीन कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने जो माफीनामा तैयार कवाया है उसमें उल्लेख है कि आगे से यदि संबंधित ऑटो, लोडिंग वाहन चालक छत पर सवारी बैठाते पाया गया तो कठोर कार्रवाई चालक/ड्राईवर को भुगतनी होगी। उल्लेखनीय है कि बीते एक पखवाडे. में 11 वाहनों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेष किए गए हैं।

### हेलमेट, सीटबेल्ट पर चालानी कार्रवाई

सड़क दुर्घटनाओं में बाईक चालकों के सिर में चोंट लगने पर मृत होने की संभावना बढ़ती है या व्यक्ति गंभीरतम घायल हो जाता है। इस संबंध में एसपी आदित्य मिश्रा के निर्देषों पर प्रतिदिन चेकिंग अभियान चलाकर हेलमेट न पहनने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस तरह के मामलों में 26 चालान काटते हुए 8 हजार 400 रुपए वसूल किए गए।

# कलेक्टर के निरीक्षण में कहीं स्कूल बंद तो कहीं शिक्षक गायब, 15 को नोटिस

## आज रविवार को ही देना है नोटिस का जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

चुनावी व्यस्तता के बीच कलेक्टर हर्ष दीक्षित चुनावी शनिवार दोपहर अचानक तंवरवाड़ के स्कूलों के औचक निरीक्षण पर निकल पड़े। इस निरीक्षण में कहीं उन्हें पूरा स्कूल ही बंद मिला तो कहीं कुछ शिक्षक बगैर जानकारी के गायब मिले। कोई शिक्षक चुनावी प्रशिक्षण में ड्यूटी होने का कहकर गायब था तो किसी ने दूसरा कारण अपने साथी स्टाफ को बता कर रखा था। शिक्षकों का यह झूठ उस समय पकड़ा गया जब, कलेक्टर श्री दीक्षित चुनावी प्रशिक्षण में ही पहुंच गए। जहां उन्होंने उक्त स्कूलों से गायब मिले शिक्षकों के बारे में क्रॉस चेकिंग करते हुए यह जानकारी ली कि वह इस प्रशिक्षण में है या नहीं। लेकिन, वे शिक्षक प्रशिक्षण में भी नहीं थे।

इस गंभीर लापरवाही पर कलेक्टर ने डीईओ को निर्देश दिए की लापरवाह शिक्षकों को नोटिस दिया जाए साथ ही आज रविवार को ही उसका जवाब लिया जाए। अगर दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें निलंबित या अन्य कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश उन्होंने डीईओ को प्रदान किए गए।

### इन्हे दिए गए हैं शोकाज नोटिस

जिन शिक्षकों को नोटिस दिए गए हैं उनमें सरिता अडसूल मावि ढंड, मीनाक्षी चौरसिया प्राथमिक विद्यालय दंड, मुकेश विजयवर्गी एकीकृत मावि शाला कालीखेडा, श्रद्धा सक्सेना मावि कालीखेड़ा, बनवारी राठौर मांवि कालिखेड़ा, मुश्ताक खान मावि लहरचा, भोजराज काशी कई लहरचा, रामकिशन तंवर महावीर हिरण खेड़ी योगेश गोयल उमावि कालीपीठ, बनेसिंह भील उमावि कालीपीठ, शाहिद प्रहरी उमावि कली पीठ डीपी पीपलोतिया उमावि कालीपीठ एल, शिवप्रसाद पवार मावि लहरचा, बद्रीलाल यादव महावीर लहरचा महेंद्र सिंह हाडा एकीकृत माध्यमिक विद्यालय हिरण खेडा शामिल शामिल है।

# मां कर्मा जयंती की पूर्व संध्या पर विभिन्न कार्यक्रम हुए आयोजित




**गुना।** विगत कई वर्षों से कर्मा जयंती की पूर्व संध्या पर साहू महिला मंडल गुना द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी मां कर्मा देवी की 1008 वी जयंती पर नगर अध्यक्ष वंदना विवेक साहू एवं उनके महिला मंडल द्वारा कर्मा जयंती की पूर्व संध्या पर शुभ विदाई गार्डन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां कर्मा देवी की पूजा एवं माल्यार्पण सभी पूर्व अध्यक्षों के द्वारा किया गया। उसके उपरांत बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे चित्रकला ,मेहंदी, रंगोली, फैंसी ड्रेस ,गायन, भाषण, नाटक और डांस आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कृत किया गया ।साथ ही साथ कक्षा दसवीं और बारहवीं एमपी बोर्ड व सीबीएसई बोर्ड में साहू समाज में प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को भी शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ।साथ ही सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। महिलाओं की भी कई प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं कराईं।

बूथ पर जाकर किया वरिष्ठजनों का शाल-श्रीफल से सम्मान

# भाजपा ने मनाया 45वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



भारतीय जनता पार्टी गुरुवार को अपना 45 वां स्थापना दिवस बूथ केंद्र पर बूथ के कार्यकर्ताओं एव वरिष्ठ जंनो के साथ मनाया।भारतीय जनता पार्टी मंडल ब्यावरा बूथ क्रमांक 65 में अपना नगर पार्क में मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री नारायण सिंह पवार भाजपा जिला महामंत्री पंडित अमित शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष चंदन अग्रवाल विधानसभा के विस्तारक राकेश श्रीवास्तव भाजपा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी राजू यादव पार्षद विष्णु साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष दिलीप गुप्ता राकेश शिवहरे ने भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर तिलक लगाकर माल्यार्पण किया।

### भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का गौरव पार्टी का ध्वज का भी पूजन किया

स्थापना दिवस के मौके पर बूत केंद्र पर रहने वाले सभी वरिष्ठ जनों का सम्मान साल एवं श्रीफल से किया गया मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री नारायण सिंह पवार भाजपा जिला महामंत्री पंडित अमित शर्मा वार्ड के पार्षद विष्णु साहू के द्वारा सभी का अभिनंदन किया गया।इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता जिनकी मेहनत से आज भारतीय जनता पार्टी बड़े मुकाम पर पहुंची है उन सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मान माला पहना कर किया गया। भारतीय जनता भाजपा जिला महामंत्री पंडित अमित शर्मा के द्वारा भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया कहा गया कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा संगठन छोटे-छोटे कार्यकर्ताओं की मेहनत और वरिष्ठ कार्यकर्ता के त्याग तपस्या के कारण आज हम इस मुकाम तक पहुंचे हैं। आज देश के अंदर कई राज्यों में हमारी सरकारें हैं, हमारी सरकारों की योजनाओं से आम गरीबों को लाभ मिल रहा है। 2024 में हम तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प ले और भाजपा का साथ देकर भाजपा की सरकार बनाएं।

### भारत को बंटता देख डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1952 में जनसंघ की स्थापना

*स्थापना दिवस के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री नारायण सिंह पंवार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की सरकार लगातार देश को बांटने का काम करती रही ऐसी स्थिति में नेहरू सरकार के मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर-संघचालक गुरु गोलवलकर से परामर्श लेकर मुखर्जी ने 1952 को राष्ट्रीय जनसंघ की स्थापना की डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने धारा 370 का विरोध करते हुए तस्वीर में प्रवेश किया। जम्मू कश्मीर की सरकार ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया। जिसका बाद में जनता पार्टी में विलय हो गया और फिर पार्टी के बिखराव के बाद 1980 में भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ।*

### मंत्री पंवार बोले भाजपा के गठन के समय अधिवेशन में वह भी थे मौजूद

*एक बड़ी बैठक पार्टी का नाम योजना को लेकर आयोजित की गई, जिसमें मंत्री नारायण सिंह पवार ने अपने उद्बोधन में कहा की उस बैठक में मैं खुद मौजूद था जब भारतीय जनसंघ जनता दल का विलय भारतीय जनता पार्टी में हुआ जिसका चुनाव चिन्ह कमल का फूल रखा गया। फिर 6 अप्रैल 1980 को मुंबई के शिवाजी पार्क में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई।*

# मैराथन दौड़ से लोगों को किया मतदान के लिए जागरूक



**कुरावर।** नगर में नवनियुक्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री कुमार विश्वनाथ सिंह के द्वारा नवाचार कर माननीय कलेक्टर महोदय एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजगढ़ की निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कुछ नया करने की सोच के तहत आज नगर में अशासकीय होली एंजेल पब्लिक स्कूल कुरावर एवं नगर परिषद कर्मचारी पुलिस प्रशासन के साथ मैराथन दौड़ मतदाता जागरूकता अभियान की थीम के साथ खेड़ापति हनुमान मंदिर से बस स्टैंड ब्रिज तक कराई गई एवं नगर परिषद कार्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के प्रभारी अरविंद मिश्रा के द्वारा शांति पूर्ण निष्पक्ष मतदान हेतु शपथ ग्रहण कराई गई इस अवसर पर होली एंजेल की डायरेक्टर जस्टिन जोसेफ विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिका, पुलिस स्टाफ छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम के अंत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के बी सिंह के द्वारा उपस्थित जनसमूह को मतदाता जागरूकता अभियान में सहयोग करने हेतु धन्यवाद आभार व्यक्त किया गया उपस्थित कर्मचारियों मनोज शर्मा अरुण शर्मा उमाशंकर शर्मा रवि डाला मुकेश वर्मा दिनेश महेश कैलाश पवार आशीष शर्मा बद्री प्रसाद नारायण चंद्रवंशी मोहन चंद्रवंशी रवि दला रिंकू संजू महेश दरोगा अरुण शर्मा दौलत सिंह मीणा आदि उपस्थित रहे।

कार्रवाई नहीं होने से माफिया के हौसले बुलंद


# शहर अवैध लकड़ी माफिया के कारोबार का बन रहा बड़ा गढ़



**नरसिंहगढ।** शहर के आसपास घने जंगलों से लगातार अवैध लकडी कटाई की शिकायते मिल रही थी। सूत्रों की सूचना पर गुरुवार देर रात पुलिस ने कार्यवाही करते हुये दो ट्रेक्टर ट्रालियो को पकड़ा तो दोनों ट्रेक्टर चालक विक्रम धनगर पिता रामचरण धनगर 33 वर्ष और रामबाबू पिता मांगीलाल पुष्पद 35 वर्ष लकड़यिों का वैध प्रपत्र नहीं दिखा पाये तो पुलिस ने वन विभाग को सौंप दिया वन विभाग ने दोनों पर कार्यवाही करते हुये वनउपज अधिनियम 2000 की धारा 3.14 अंतर्गत अपराध दर्ज कर लिया है ज्ञात हो कि उक्त ट्रेक्टर चालक पूर्व मे भी इसी तरह के अपराध मे संलग्न रहे हैं, जिस पर पुलिस और वन विभाग को कड़ी कार्रवाई किए जाने कि आवश्यकता है, जिससे पर्यावरण को होने वाली बड़ी हानि को रोका जा सके।

# फरार 45 स्थाई और 71 गिरफ्तारी वारंटियों सहित 2 जिला बदर पकड़े

## गस्त के दौरान एक को 315 बोर अवैध देशी कट्टा तो एक जिलाबदर को अवैध कच्ची शराब के साथ किया गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

आगामी लोकसभा चुनाव जिले में निर्विघ्न एवं निर्विवाद रूप से संपन्न कराये जाने हेतु गुना पुलिस अधीक्षक श्री संजीव कुमार सिंहा द्वारा जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध एक अभियान के रुप में ताबड़तोड़ कार्यवाहियों को अंजाम दिलाया जा रहा है । इसी दिशा में जिले के सभी थाना क्षेत्रो में गुंडा बदमाश, फरार इनामी, स्थाई/गिरफ्तारी वारंटी, जिला बदर बदमाशों आदि सहित विभिन्न अपराधों में फरार चल रहे आरोपियों की धरपकड हेतु गुना पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा द्वारा दिनांक 05-06 अप्रैल की रात में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में एक साथ कॉम्बिंग गस्त के निर्देश दिये गये थे। निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुनामानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन तथा संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों के पर्यवेक्षण में दिनांक 05-06 अप्रैल की रात्रि में जिले के सभी थाना क्षेत्रों के संवेदनशील एवं घने इलाकों में पुलिस बल द्वारा अलग-अलग टीमों में एक साथ कॉम्बिंग गस्त की गई। गुना पुलिस की ओर से संपूर्ण जिले में एक समय में की गई इस कॉम्बिंग गस्त के दौरान पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में गुंडा, निगरानी बदमाश, स्थाई/गिरफ्तारी वारंटियों, इनामी, जिला बदर आदि सहित विभिन्न लंबित प्रकरणों में फरार आरोपियों की तलाश की गई, जिसमें पुलिस के हाथ अपार सफलतायें लगीं हैं, इस दौरान माननीय न्यायालयों की ओर से विभिन्न प्रकरणों में जारी अलग-अलग वारंटों में लंबे समय से फरार चल रहे कुल 45 स्थाई वारंटी एवं 71 गिरफ्तारी वारंटी गिरफ्तार किये गये हैं, जिनमें गुना कोतवाली में 11 स्थाई व 15 गिरफ्तारी व केंट थाने में 2 स्थाई व 3 गिरफ्तारी, बजरंगगढ़ थाने में 01 स्थाई, म्याना थाने में 3 स्थाई व 15 गिरफ्तारी, बमौरी थाने में 1 स्थाई व 01 गिरफ्तारी, फतेहगढ़ थाने में 4 स्थाई व 3 गिरफ्तारी, राघौगढ़ थाने में3 स्थाई व 8 गिरफ्तारी, विजयपुर थाने में 01 स्थाई व 03 गिरफ्तारी, आरोन थाने में 7 स्थाई व 06 गिरफ्तारी, धरनावदा थाने में 04 स्थाई व1 गिरफ्तारी, जामनेर थाने में 03 स्थाई व 02 गिरफ्तारी, मधुसूदनगढ़ थाने में 01 स्थाई व 01 गिरफ्तारी, चांचौड़ा थाने में 02 स्थाई व 06 गिरफ्तारी, कुम्भराज थाने में 02 स्थाई व 04 गिरफ्तारी एवं मृगवास थाने में 03 गिरफ्तारी वारंटी पकड़े गये हैं । इस दौरान जिले भर में कुल 45 निगरानी बदमाश एवं 63 गुंडा बदमाश चैक किये जाने के साथ ही जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से जिला बदर किये गये जिला बदर बदमाशों को भी पुलिस द्वारा उनके घरों पर चैक किया गया, जिनमें 02 जिला बदर बदमाशों के जिलाबदर आदेश का उल्लंघन कर अपने घरों पर पाये जाने पर उन्हें राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 के तहत गिरफ्तार किया गया।

प्राइवेट स्कूल किताब,कॉपी,यूनिफार्म खरीदने बच्चों के अभिभावकों पर नहीं बनाएं दबाव

# सीएम के ट्वीट के बाद एसडीएम ने लिया एक्शन निजी स्कूल संचालकों को चेताया

**सारंगपुर।** नगर में चल रहे कई प्राइवेट स्कूल संचालक विद्यार्थियों का प्रवेश होने के बाद अभिभावकों पर किताब, युनिफार्म खरीदने का दबाव बना रहे हैं, ऐसी शिकायत शिक्षा विभाग के अधिकारी सहित एसडीएम संजय उपाध्याय को भी अक्सर मिलती है। सूत्र बतलाते है की अभी नए शिक्षण सत्र की शुरुआत से ही कुछ स्कूलों ने अभिभावकों को मोबाइल पर मैसेज भेजकर किताब, अलग-अलग तरह की युनिफार्म, टाई-बेल्ट आदि खरीदने का दबाव बनाना शुरु कर दिया है। अभिभावक इनकी मनमानी से नाराज तो हैं, लेकिन खुलकर इनका विरोध भी नहीं कर पा रहे हैं। गौरतलब है कि हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्राइवेट स्कूल संचालकों को सख्त चेतावनी देते कहा है कि अभिभावकों पर किताब, युनिफार्म आदि किसी निश्चित दुकान से खरीदने किसी प्रकार का कोई दबाव नहीं बनाए। अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री के ट्वीट के बाद एसडीएम ने भी इस मामले में अलर्ट होकर शनिवार को निजी स्कूल संचालकों की बैठक लेकर - सभी प्राइवेट स्कूल संचालकों को - कार्रवाई की चेतावनी दी है।



### नामी स्कूलों की मिलती हैं शिकायतें

*ज्ञात हो कि तहसील मुख्यालय से लेकर शहर के ग्रामीण क्षेत्र में संचालित नामी स्कूलों की मनमानी के विरूद्ध एसडीएम से लेकर शिक्षाविभाग तक पहले से शिकायतें आती रही हैं। इस पर अनुविभागीय अधिकारी ने गंभीरता दिखाते प्राइवेट व हाई हायर सेकेण्डरी स्कूलों की बैठक शनिवार को बुलवाई ताकि इस संबंध में पूछताछ की जा सके।*

### कार्रवाई की जाएगी

अगर किसी भी प्राइवेट स्कूल के द्वारा बच्चों के परिजनों से निर्धारित दुकानों से किताब,ड्रेस आदि खरीदने के लिए दबाव बनाया गया तो शिकायत मिलने पर स्कूल पर कार्रवाई की जाएगी।

**संजय उपाध्याय,**
एसडीएम सारंगपुर

### बाजार में तय दुकानों पर मिलती है किताब

*प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ा रहे कई अभिभावकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हर साल की तरह फिर प्राइवेट स्कूल वालों की मनमानी शुरु हो गई है। पहले तो एडमीशन में एकमुश्त बड़ी राशि वसूल रहे हैं। प्रवेश लेने के बाद महीने की फीस, स्कूल बस की फीस तय होती है। इतना सब होने के बाद किताबों का सेट, युनिफार्म और टाई-बेल्ट आदि सामान भी उनकी बताई गई दुकान से ही लेना पड़ता है। क्योंकि यह सामान किसी और दुकान में नहीं मिलता। दुकानदार भी मनमानी कीमत वसूलते हैं। किताब पर जितना प्रिंट रेट होता है, उससे एक रुपया भी कम नहीं करते। उनका एक ही जवाब होता है, लेना हो तो लो नहीं तो कहीं और देख लो। क्योंकि वे जानते हैं, अभिभावक शहर भर में तलाश भी लेगा तो उन्हें ये किताब कहीं नहीं मिलेगी, लौटकर उन्हें यहीं आना पड़ेगा। दुकानदार भी बताते हैं कि ये सामान कम कीमत पर नहीं दे सकते क्योंकि रेट स्कूल प्रबंधन ने फिक्स कर रखे हैं। जितने सेट बिकेंगे उत्तने का तय कमीशन स्कूल को देना है।*

## खबर संक्षेप

### उपार्जन केन्द्रों पर मानक खरीदी हेतु तीन सदस्यीय दल गठित

**सीहोर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर भारत सरकार द्वारा जारी एक समान विनिर्दिष्टिया अनुसार गेहूं उपार्जन का कार्य किया जा हरा है। जिसकी गुणवत्ता का परीक्षण प्रथम स्तर पर उपार्जन एजेंसी द्वारा नियोजित सर्वेयर द्वारा किया जाता है। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन मे गुणवत्ता संबंधी समस्या निर्मित न हो एवं भारत सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्ड अनुसार गेहूं उपार्जन किया जा सके, इसके लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिले में निर्धारित उपार्जन केन्द्रों पर FAQ मानक की खरीदी कराए जाने के लिए प्रत्येक केन्द्रवार 03 सदस्यीय दल गठित किया गया है।

### साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूकता और सतर्कता जरूरी

**सीहोर।** तकनीक के इस युग में जितनी तेजी से डिजिटल लेन देन और डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा मिला है उतनी ही तेजी से सायबर अपराध भी बढ़ते जा रहे हैं। खुद को साइबर ठगों से बचाने के लिए सबसे जरूरी है जागरूकता व सतर्कता कई बार मन में आने वाले लालच और लापरवाही के कारण साइबर अपराध का शिकार हो जाते हैं। यह बात कलेक्टर प्रवीण सिंह ने पीजी कॉलेज में आयोजित सायबर जागरूकता एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कही। कुछ उल्लेखनीय उदाहरण ईमेल धोखाधड़ी, सोशल मीडिया धोखाधड़ी, बैंकिंग धोखाधड़ी, रैंसमवेयर हमले, साइबर जासूसी, पहचान की चोरी, क्लिकजैकिंग और स्पाइवेयर जैसे कई अपराध शामिल हैं।

तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन हो रहे सड़क हादसे

# भोपाल-इंदौर हाइवे पर किलेरामा के पास बाइक के ऊपर पलटा ट्रक, एक गंभीर

जेसीबी क मदद से हटाया ट्रक, मौके पर पहुंची पार्वती थाना पुलिस।


हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



रविवार को भोपाल इंदौर मार्ग पर किलेरामा के पास एक ट्रक बाइक सवार पर पलट गया। जिससे बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को 4 बजे करीब भोपाल इंदौर हाईवे किले रामा बाईपास पर एक बाइक सवार आष्टा तरफ आ रहा था। तभी ट्रक एमपी 07 एचबी 4123 बाइक पर पलट गया और बाइक सवार ट्रक के नीचे ही दब गया। सूचना पर आष्टा की पार्वती पुलिस मौके पर पहुंची और पोकलेन जेसीबी की मदद से ट्रक को हटाया और बाइक सवार घायल को एंबुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल उपचार के लिए भेजा। यहां पर प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। पार्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा ने बताया कि किलाराम के पास बाइक सवार पर ट्रक पलट गया था। जिसमें बाइक सवार राम सिंह पिता बिहारी लाल प्रजापति उम्र 35 वर्ष निवासी सेंधोखेड़ी गांव से आष्टा तरफ आ रहा था। तभी हाईवे पर किलेरामा के पास ट्रक पलट गया। जिसमें बाइक सवार बाइक समेत दब गया था। जैसे ही हमें जानकारी मिली जेसीबी और पोकलेन मशीन से ट्रक को उठाया और बाइक सवार को नीचे से




निकाला। एंबुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया है। बताया जाता है कि दुर्घटना इतनी खतरनाक थी कि ट्रक अनियंत्रित होकर बाइक



पर पलट गया था। जिसमें बाइक सवार ट्रक के नीचे दब गया था। जिससे बाइक सवार के दोनों पैर में गंभीर चोट आई है। उपचार के बाद रेफर कर दिया गया है।

## कार में अज्ञात ने लगाई आग, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

शहर के काछीपूरा में चूड़ी मनिहारी की दुकान संचालित करने वाले महेश पटवा की पुष्प स्कूल स्कूल रोड पर वार्ड नं 17 की आंगनवाड़ी के सामने खड़ी कार एमपी 09 सीबी 4588 में शनिवार और रविवार की देर रात को किसी अज्ञात ने आग लगा दी। पीड़ित ने बताया कि घटना रात करीब 12 से 1 बजे के लगभग की है। आग इतनी भीषण थी की कार कुछ समय में ही जलकर खाक हों गईं। गाडी मालिक ने आष्टा पुलीस थाना



में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। लिहाजा पुलीस अब कार जलाने वाले की तलाश कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल रही है। वहीं यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी में दिखाई दे रहा है कि रात के समय एक अज्ञात शख्स गाड़ी के पास पहुंचता है और गाड़ी में आग लगाकर भाग जाता है। गाड़ी मालिक की शिकायत पर आष्टा थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश भी शुरू कर दी है। पुलिस को कोशिश है कि जल्द से जल्द आरोपी की शिनाख्त हो सके और उसे गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है कहीं कार मालिक की किसी के साथ दुश्मनी तो नही है जिसके चलते बदले की भावना से इस घटना को अंजाम दिया गया है!वहीं अब पुलिस के लिए इस शख्स को पकड़ना बेहद जरूरी हों गया है क्योंकी शहर में अधिकतर लोगों की कार घर के बाहर खड़ी रहती है जिससे भविस्य में इस तरह की घटनाओं को अंजाम ना दिया जा सके।

## पांच साल से फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

पार्वती थाना पुलिस को मिली सफलता




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

वर्तमान में सम्पूर्ण मध्य प्रदेश में आगामी लोक सभा निर्वाचन के दृष्टि गत आदर्श आचार संहिता प्रभाव शील है। इसी अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी ने जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब, गुण्डा बदमाश एवं स्थाई वारंटियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने संबंधी निर्देश दिये गये थे। इसी क्रम में अति. पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग एवं एसडीओपी आष्टा आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पार्वती चिन्मय मिश्रा के नेतृत्व में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं वारंटियों की धरपकड़ हेतु थाना पार्वती से पुलिस टीम गठित की गई। वर्ष 2019 में माननीय न्यायालय से जमानत से फरार तथा स्थाई वारन्टी के निवास स्थान पुलिस के द्वारा समय समय पर दबिश दी गई। लेकिन स्थाई वारन्टी की गिरफ्तारी का हर संभव प्रयास किया गया। लेकिन स्थाई वारन्टी पुलिस की गिरफ्त से फरार था। 06 अप्रैल की रात्री में मुखबिर सूचना के आधार पर टीम ने फरार स्थाई वारन्टी के घर ग्राम भीलाखेडा थाना बरोठा जिला देवास पर दबिश देकर नरेन्द्र पिता जगन्नाथ चौधरी उम्र 45 वर्ष जाति खाती को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी पार्वती उनि चिन्मय मिश्रा, प्र.आर. 732 दिनेश सिसोदिया प्र.आर. 46 मनोज, आर. 429 राजकुमार, आर. 826 सचिन कालेन , आर.810 गोपाल, म.आर. 756 रंजना तथा थाना पार्वती पुलिस का सराहनीय योगदान रहा ।

## पोकलेन से जंगल में हो रही थी अवैध खुदाई, वन अमले ने की कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

6 अप्रैल को शाम 05 बजे बीट गोविन्दपुरा के कक्ष क्रमांक आर.एफ. 127 में गश्त के दौरान वन क्षेत्र में मशीन चलने की आवाज सुनाई दी, स्टॉफ द्वारा पास जाकर देखा तो वन क्षेत्र में एक पोकलेन मशीन और एक ट्राला के साथ अवैध रूप से खुदाई करते हुये पाई गई। जिसकी सूचना स्टॉफ द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाकर उनके मार्गदर्शन में मौके से एक पोकलेन मशीन मय एक ट्राले के जप्त कर विधिवत वनअपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण विवेचना में लिया गया। वनविभाग को मिली इस सफलता में डिप्टी रेंजर छगन सिंह भिलाला, शैलेश कुमार सिंह, वनरक्षक फैसल बर्नी, विजय कुमार वर्मा, देवेन्द्र नायक, राहुल सिंह परमार, चंचल चंदेल, कपिल यादव, स्थायी कर्मी महेश कुमार, कैलाश वर्मा, राधेश्याम मल्होत्रा आदि वन कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## होली मिलन समारोह के साथ कार्यकारिणी का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

रविवार को श्री वैष्णव बैरागी समाज का होली मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। सर्व प्रथम भगवान श्री विष्णु कि प्रतिमा पर, माल्यार्पण कर, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम कि शुरुवात कि गई। जिसमे अखण्ड श्री वैष्णव बैरागी समाज सम्मिलित हुआ। महंतों कि अध्यक्षता में होली मिलन समारोह एवम् नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से तहसील अध्यक्ष मुकेश जी बैरागी पगारिया हाट को, रामानंदाचार्य जयंती अध्यक्ष दिनेश बैरागी सेठ गुराडिया,नगर अध्यक्ष मनोहर बैरागी, पुजारी संघ अध्यक्ष विष्णु दास बैरागी (गुड्डा) गणेश मंदिर, युवा प्रकोष्ठ तहसील अध्यक्ष कृष्ण दास बैरागी, महिला प्रकोष्ठ तहसील अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा बैरागी को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर, महंत हरि दास बैरागी मुगली, महंत मोहन दास बैरागी आष्टा, महंत बाबू दास बैरागी नर्पाखेडी, वरिष्ठ समाजसेवी डा दुर्गा दास बैरागी खाचरोद, भगवान दास बैरागी सेठ गुराडिया, राम दास बैरागी अरनिया राम,कमल बैरागी नर्पाखेडी, भगवान दास बैरागी लंग़ापुरा, निर्मल बैरागी चनखल, महंत नर्मदा दास ( नानू) बैरागी,ओम बैरागी आष्टा, राजेश बैरागी आष्टा, सुनील बैरागी मुगली,राजेश बैरागी कोठरी, रवीन्द्र वैष्णव आष्टा, संतोष वैष्णव,कमल बैरागी सोभाखेडी, ललित बैरागी आष्टा, विष्णु दास बैरागी बागेर, सीताराम बैरागी भवंरी, रेखा बैरागी आष्टा, नीलिमा बैरागी आष्टा,पवन बैरागी आष्टा,अमृत दास बैरागी खाचरोद, प्रकाश बैरागी बमुलिया भाटी,कैलाश बैरागी ठेकेदार आष्टा, हुकुम बैरागी रुपेटा,केलाश बैरागी खाचरोद,धरम दास हरनावदा लक्ष्मी नारायण जावर, राम दास बैरागी सेकुखेडा, संतोष दास खजुरिया, प्रेम दास बैरागी झरखेडी, ओम दास सेकुखेडा, लखन दास बैरागी अरनिया जोहरी, रामबाबू बैरागी कुरली कला इत्यादि सामाजिक बन्धु उपस्थित हुए।

## कुशवाह समाज आयोजित करेगा युवक-युवतियों का मासिक परिचय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पिछले दो दशक से कुशवाह समाज में विशेषकर शिक्षा के प्रति जागृति आई हैं। व्यक्ति अपने पुत्र पुत्रियों की उच्च शिक्षा की ओर ध्यान देने लगा हैं। आर्थिक प्रतियोगिता एवं संचार क्रांति के इस युग में समाज में जागरूकता आई हैं।

पुराने समय में वैवाहिक संबंध परिवार के वृद्वजन एवं वरिष्ठजन से निर्णय से तय हो जाते थे, परंतु इस वैश्विक युग में जहॉ आत्मजागृति एवं स्व इच्छा बढ़ी हैं, वही वैवाहिक संबंधो के लिए स्व प्रसन्नता के मानक कुशवाह समाज में भी आऐ हैं क्योकि दूसरे का अनुसरण करना व्यक्ति की सामान्य प्रक्रिया हैं। स्थानीय कुशवाह समाज में अभी तक ऐसा कोई मंच नही था जहॉं युवक-युवती एक दूसरे से वैवाहिक संबंध के लिए परिचय स्थापित कर सकें।


स्थानीय कुशवाह समाज ने कुछ ऐसा ही नवाचार करने के लिए प्रत्येक माह के पहले रविवार को युवक युवतियों का परिचय सम्मलेन आयोजित करने का निर्णय लिया हैं। इस परिचय सम्मेलन में केवल कुशवाह समाज के युवक युवतियॉं अपने परिवार के सदस्यो के साथ आकर वैवाहिक संबंध हेतु चर्चा कर सकेगें तथा एक ही मंच पर एक दूसरे से परिचय स्थापित कर वैवाहिक संबंध स्थापित कर सकेगें। कुशवाह समाज के जिला अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह ने बताया कि इस परिचय सम्मेलन का उद्देश्य एक ही मंच पर विवाह योग्य युवक युवतियों एवं उनके परिवारजन का परिचय स्थापित करना हैं, जिससे समय एवं धन की बचत होगी। प्रति माह के प्रथम रविवार को 11 बजे से शाम 4 बजे तक यह परिचत सम्मलेन आयोजित होगा, जिसमें समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों के फोटोग्राफ, बायोडाटा संग्रहित किए जायेगें तथा समाज की प्रादेशिक व अन्य जिलो में छपने वाली पत्र पत्रिकाओं में भी प्रकाशित किए जाऐगे।

इस अवसर पर कुशवाह समाज पटेल दलकिशोर कुशवाह, राजू कुशवाह ठेकेदार, जगदीश कुशवाह, नारायण कुशवाह, सुरेश कुशवाह शिक्षक, किशोरी कुशवाह पूर्व पटेल, रवि कुशवाह, गोपाल कुशवाह, प्रकाश कुशवाह मामा, विनोद कुशवाह आड़तिया, गबू कुशवाह, अमरचंद कुशवाह, शुभम कुशवाह, विशाल कुशवाह आदि मौजूद थे।

## प्रभुप्रेमी संघ परंपरानुसार मनाएगा गुड़ी पड़वां पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हिन्दू भारतीय संस्कृति में वर्ष प्रतिपदा गुड़ी पड़वा का धार्मिक एवं गणितीय महत्व होता है। संवत 2081 आगामी 9 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप संवत 2081 संवत्सर का नाम ''पिंगल'' है। इस संवत्सर के राजा मंगल तथा मंत्री शनि है। प्रभुप्रेमी संघ अपने संस्थापक आचार्य महामंडलेश्वर जूना पीठाधीश्वर अनंत श्री विभूषित स्वामी श्री अवधेशानंद जी गिरी के निर्देशानुसार धार्मिक-सामाजिक बंधुओं के साथ विगत वर्षो से मनाता आया है। गुड़ी पड़वा का इस वर्ष का आयोजन 9 अप्रैल 2024



मंगलवार को प्रातः 8 बजे से श्री मानस भवन में आयोजित किया गया है। प्रभुप्रेमी संघ के अध्यक्ष सुरेश पालीवाल, महामंत्री प्रदीप प्रगति ने यह जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गुड़ी की पूजन होगी, वहीं श्रीराम श्रीवादी एवं साथियों द्वारा एवं अन्य भजन गायकों द्वारा संगीतमय भजन, कीर्तन से इस संवत्सर का स्वागत किया जाएगा तथा परंपरानुसार गुड़ी पूजन नगर के महाडिक परिवार द्वारा आयोजित होगा तत्पश्चात प्रभुप्रेमी संघ के द्वारा उपस्थितजनों को श्रीखंड एवं खिचड़ी का व्रत उपवास का प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## शासकीय महाविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

6 अप्रैल को मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केन्द्र शासकीय महाविद्यालय जावर नगर (0161) मे अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर नीतू परवाल द्वारा स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रचना मेहरा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार शुक्ल, डॉ. सुमन भदौरिया, सपना साहू, प्रीति कुशवाह, विजय कुमार यादव, विशाल करंदीकर, राजेश डुमाने, रिंकु परमार एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

शब ए कद्र की रात पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रात में जागकर की खुदा की इबादत

# आखिरी असरे में अहमदपुर की जामा मस्जिद में कुरान मुकम्मल





हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर

रमजान को इस्लाम का सबसे पवित्र महीना माना जाता है। पूरे महीने लोग रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं, रमजान के आखिरी अशरे यानी 10 दिनों का एक खास महत्व होता है। जिस दिन रमजान का 26 वां रोजा रखा जाता है, वो तारीख रमजान माह की 27 वीं रात होती है। इसी रात को शब-ए-कद्र की रात कहा जाता है,इस रात को बेहद पवित्र रात माना जाता है,मान्यता है कि इसी रात पाक कुरान आसमान से धरती पर आई थी। इस रात को की गई, अल्लाह की इबादत को हजारों महीनों की इबादत से बेहतर माना जाता है। इस रात को मुस्लिम समुदाय के लोग जागते हैं और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं।

### जामा मस्जिद में कुरान मुकम्मल हुआ

अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार 11 मार्च से प्रारंभ माहे रमजान में कस्बा अहमदपुर की जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा मुल्क में अमन और चेन की दुआएं मांगी रोजा इफ्तार के समय मस्जिदों और घरों में इफ्तारी कर सामूहिक रूप से रोजा खोला जाता है। इसी प्रकार माहे रमजान में दिन के रोजों के साथ घरों में, मस्जिदों में पवित्र कुरान समझना, पढ़ना व मस्जिदों में विशेष तरावीह की नमाज अदा की जा रही है। जिसमें पवित्र कुरान को इमाम द्वारा हिस्सों में सुनाया जाता है। मौलाना अरशद अमीन मंसूरी साहब द्वारा रमज़ान की शुरुआत से जामा मस्जिद में पवित्र कुरान सुनाया जा रहा था जो 26 वां रोज़ा और 27 वीं शब शनिवार को मुकम्मल हुआ।

### कुरान की तिलाबत पूरी मांगी दुआ

पाक माह रमजान के चलते, क्षेत्र ,में तिलाबातो का दौर जारी है इस दौरान जहाँ पुरुष मस्जिदों में पांचो वक़्त की नमाजों का एहतेमाम करते है तो बही घरों में महिलाए भी रोजा रखकर नमाज ब कुरान की तिलावत कर रही है उसी के चलते अहमदपुर हापिज अरसद अमीन मंसूरी द्वारा पढ़ाई जा रही तराबही में कुरान पूरा किया गया हापिज अरसद अमीन मंसूरी ने बताया की इस्लाम में जकात देना फर्ज है जकात देने से माल की हिफाजत होती इस दौरान उन्होंने मुल्क में अमन ओर चेन की विशेष दुआ मांगी बताया जाता है कि पाक माह रमज़ान के तीन अशरे होते है 1)रेहमत 2)मगफिरत 3)नरख (आग ) से आजादि का 30 दिन को तीन हिस्सो में बाटा गया है। 10 दिन का एक अशरा होता है। यह आखिरी अशरा चल रहा है। बुजुर्गो और बच्चों ने एक साथ मिलकर अमन सुकून के लिए दुआएं मांगी। मौलाना हाफिज अरसद अमीन मंसूरी का फूल माला पहनाकर कुरान पाक खत्म करने पर स्वागत किया गया।

## मंदिर निर्माण के लिए एकत्रित कर रहे धनराशि



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

सिंध राजपूत परमार कुल अग्निवंश उमठ गोत्र के कुल देवता श्री गौरा भैरव महाराज के मंदिर निर्माण का कार्य मेहतवाड़ा में चल रहा है। मंदिर निर्माण में सभी लोग सहयोग राशि प्रदान कर रहे हैं। 50 से भी अधिक ठिकानों पर उमठ गोत्र के सामाजिक बंधु विराजमान है। वह भी इस पुनीत कार्य में सहयोग प्रदान कर रहे हैं। कुलदेवी या कुलदेवता कुल या वंश के रक्षक देवी देवता होते हैं। यहां घर परिवार या वंश परंपरा के प्रथम पूज्य तथा मूल अधिकारी देव होते हैं। उनकी गणना हमारे घर के बुजुर्ग सदस्यों जैसी होती है। प्रत्येक कार्य में हमें इन्हें याद करना जरूरी है।